बिहार विधान परिषद

(201वां मानसून सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

28 जून 2022

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 6

ब्लड बैंक की व्यवस्था

*14 **मो. फारुक (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर सदर अस्पताल में छः (6) माह से ब्लड बैंक बनकर तैयार है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद लाइसेंस नहीं मिलने के कारण अभी तक ब्लड बैंक चालू नहीं हो पाया है;

(ग) क्या यह सही है ब्लड बैंक के अभाव में आपात स्थिति में मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शिवहर सदर अस्पताल में ब्लड बैंक को कबतक चालू कराने का विचार कर रही है, नहीं तो क्यों?

कदम उठाने पर विचार

*15 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि चिकित्सा क्षेत्र में फिजियोथेरेपी का अपना विशेष महत्व और आवश्यकता है;

(ख) क्या यह सही है कि फिजियोथेरेपी की बढ़ती जरूरतों के बावजूद राज्य में इससे जुड़े संस्थानों-कॉलेजों, डॉक्टरों तथा प्रशिक्षित कर्मियों की भारी कमी व्याप्त है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार तथा विभाग का पर्याप्त ध्यान फिजियोथेरेपी चिकित्सा की ओर नहीं जाने की वजह से यह विभाग तथा इस विद्या से जुड़े लोग उपेक्षा का शिकार होते जा रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि फिजियोथेरेपी चिकित्सा को राज्य स्तर पर सर्वसुलभ बनाने की दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाएगी और नहीं तो क्यों?

मानक के विपरीत

***16 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सूबे में धड़ल्ले से आर. ओ. प्लांट द्वारा शोधित पानी को खुले रूप में भी बेचा जा रहा है, जिसकी आड़ में स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के विपरीत साधारण प्रदूषित जल की आपूर्ति की जाती है, जिससे सरकार के राजस्व को भी क्षति हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी आर. ओ. प्लांट द्वारा तैयार पानी की बिक्री पैकिंग जार/बोतल में ही कराने का विचार लोकहित में रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

चिकित्सीय सुविधा

***17 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 36 जिलों के सदर अस्पतालों में उपलब्ध कुल बेड में से औसत 30.8 प्रतिशत पर ही मरीज भर्ती हुए;

(ख)	क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल में सर्जरी से लेकर मेडिसीन तक के मरीजों के लिए एक ही वार्ड है और यहां पैथोलोजी में किडनी, लीवर और रक्त जांच की मशीन खराब होने के कारण आइपीडी में औसतन 6.8 प्रतिशत बेड पर मरीज रहते हैं, जब कि 178 बेड की व्यवस्था उपलब्ध है;

(ग)	क्या यह सही है कि सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा की सही व्यवस्था नहीं रहने के कारण समीप के ही श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 850 मरीज भर्ती होते हैं, जबकि बेड की संख्या मात्र 600 है;

(घ)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हर तरह की चिकित्सीय सुविधा प्रदान कर मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल को विश्वसनीय बनाना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

पदाधिकारी का पदस्थापन

*18	**प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क)	क्या यह सही है कि अरवल जिला के प्रखंड करपी के आनन्दपुर ढोर्रा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बना हुआ है जो किसी चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने के कारण बंद पड़ा है;

(ख)	क्या यह सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र चालू नहीं रहने से 20 गांव के लोगों की चिकित्सा सेवा बाधित है;

(ग)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन कर स्वास्थ्य केन्द्र कबतक चालू करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

अस्पतालों की व्यवस्था

*19	**श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क)	क्या यह सही है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में अस्पतालों की बेहद कमी है जिसके कारण ग्रामीण आबादी को सही समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिलने से शहरों के अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है;

(ख)	क्या यह सही है कि स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सभी राज्यों के ग्रामीण अस्पतालों के 2020 – 21 के जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में मानकों के अनुसार स्वास्थ्य उप केन्द्रों की संख्या में 53 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या में 47 प्रतिशत और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या में 66 प्रतिशत की कमी है;

(ग)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के ग्रामीण इलाकों में अस्पतालों की कमी को पूरा करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?